

# जन उत्थान न्यास 7 को करेगा ढाई हजार शिक्षक-शिक्षिकाओं का सम्मान

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 2 सितम्बर.** शहर की अग्रणी सामाजिक संस्था जन उत्थान न्यास के तत्वाधान में 7 सितम्बर को शाम 4 बजे से जीवाजी विश्वविद्यालय परिसर स्थित अटल सभागार में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिक्षक-शिक्षिकाओं का सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है। सम्मान में शॉल-श्रीफल, स्मृति चिंह के साथ प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। यह जानकारी जन उत्थान न्यास के अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने पत्रकारों को दी।

न्यास के अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. सिकरवार ने कहा कि जन उत्थान न्यास संस्था द्वारा वर्ष भर सामाजिक हितार्थ के कार्यक्रम बढ़-चढ़ कर करती है। गरीबों की सेवा के लिए तत्पर यह संस्था हर वर्ष शिक्षक दिवस सप्ताह के तहत शिक्षक-शिक्षिका सम्मान समारोह भव्य रूप से आयोजित करती है। कार्यक्रम समापन के बाद सहभोज भी रखा गया है।

पत्रकार वार्ता में कार्यक्रम संयोजक संजय कठठ्ल, चेम्बर ऑफ कॉमर्स के उपाध्यक्ष राकेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष विनोद जैन, कोषाध्यक्ष अवध सिंह धाकरे, सचिव अवधेश कौरव एवं सुरेश प्रजापति मौजूद रहे।

# बार-बार फुल हो रहा तिघरा बांध, गेट खुलने का बना रिकॉर्ड

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 2 सितम्बर.** जिला प्रशासन ने लगातार वर्षा के चलते एक बार फिर से तिघरा डैम के फुल होने के बाद आज देर रात तिघरा डैम के गेट खोलने की तैयारी पूर्ण कर ली है। तिघरा बांध बनने के बाद इस साल सर्वाधिक दफा बांध के गेट खोले जाने का रिकॉर्ड बना है। तिघरा डैम का वर्तमान लेवल 739.70 फ़ीट है। तिघरा बांध में हो रही जल आवक, मौसम विभाग द्वारा जारी चेतावनी एवं तिघरा बांध के बढ़ते जलस्तर को स्थिर रखने बांध के जलद्वारों को आज रात्रि कभी भी खोलकर अतिरिक्त जल की निकासी की जा सकती है। अतिरिक्त जल की निकासी जल आवक अनुसार की जावेगी। उक्त जल सांक नदी में छोड़ा जाएगा। सांक नदी के किनारे बसे हुए गांव के लोगों को सतर्क रहने व नदी किनारे न जाने हेतु सूचित किया गया है।

जिला ग्वालियर के प्रभावित क्षेत्र ग्राम तिघरा, ग्राम कैथा, ग्राम तालपुरा, ग्राम महिदपुर, ग्राम पृथ्वीपुर, ग्राम कुलैथ, ग्राम अगरा भटपुरा, ग्राम दुगनावली व ग्राम तिलघना हैं तो जिला मुरैना के प्रभावित क्षेत्र ग्राम पहाड़ी, ग्राम जखौदा व ग्राम बामोर हैं।

## ओल्ड मोतीझील प्लांट में बारिश का गंदा पानी भरा

ग्वालियर। दिनभर हुई अत्यधिक बारिश से ट्रांसपोर्ट नगर का नाला ओवरफ्लो होने के कारण एमपीईबी एवं 68 एम एल डी पुराने वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट मोतीझील के साफ पानी के टैंक में गंदा पानी भर गया, जिसके चलते आज वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट से सीधा जल प्रदाय बंद करना पड़ा है। टैंक की सफाई होने के बाद सप्लाई पुन: चालू किए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसके चलते आज मंगलवार को कंपू ईदगाह, लोहिया बाजार, ओल्ड हाई कोर्ट, दाल बाजार, जयेंद्रगंज, शिंदे की छावनी, रामबाग कॉलोनी, नौगजा रोड आमखो आदि क्षेत्र में सीधा जलप्रदाय संभव नहीं हो सका।

# करंट से मौत के बाद परिजनों ने हाईवे किया जाम

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 2 सितम्बर.** गिरवाई पर करंट लगने से युवक की मौत के बाद परिजनों ने हाईवे पर पत्थर रखकर चक्काजाम कर दिया। परिजनों ने मुआवजे की मांग और दोषियों पर कार्यवाही की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।

गिरवाई थाना क्षेत्र के काला

**पड़ोसी के घर बिजली की मरम्मत के लिए गया था**

सैयद के पास बैलदार का पुरा में दरमियानी रात 12:15 बजे एक युवक की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान 28 वर्षीय वीरेन्द्र कुशवाहा के रूप में हुई। वह मजदूरी का काम करता था। घटना की जानकारी के अनुसार, वीरेन्द्र रात 9 बजे अपने घर लौटा और खाना खाकर सो गया था। रात करीब 11:30 बजे उसका पड़ोसी मोनू रजक उसे अपने घर बिजली की मरम्मत के लिए ले गया था।



वीरेन्द्र जब मोनू के घर बिजली ठीक कर रहा था, तब बिजली के तार की चपेट में आ गया। घटना की सूचना मिलते ही उसका भाई बंटी और गजराज मौके पर पहुंचे। उन्होंने तुरंत वीरेन्द्र को जयारोग्य अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने उसे चेकअप करने के बाद मृत घोषित कर दिया। आज मंगलवार को वीरेंद्र का पोस्टमार्टम होने के बाद नाराज परिजनों ने शव को ले जाकर शंकर कॉलोनी के पास पुलिया पर रखकर चक्का जाम कर हंगामा शुरू कर दिया।



सीएसपी चंद्रभान सिंह चढ़ार ने बताया कि बीती रात एक युवक की करंट लगने से मौत हो गई थी जिससे नाराज होकर परिजनों ने शव को रखकर चक्काजाम कर दिया था। सूचना पर मौके पर पहुंचकर हंगामा कर रहे परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन देकर चक्काजाम खुलवा दिया गया।



## मितेंद्र दर्शन सिंह को कांग्रेस ने असम का प्रभारी बनाया

**ग्वालियर 2 सितम्बर.** असम विधानसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस नेतृत्व ने ग्वालियर के वरिष्ठ युवा नेता मितेंद्र दर्शन सिंह को युवा कांग्रेस का राष्ट्रीय महासचिव एवं असम प्रभारी नियुक्त किया है। मितेंद्र दर्शन सिंह ने अपनी नियुक्ति पर राहुल गांधी का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि राहुल गांधी के नेतृत्व में पूर्ण समर्पण, ऊर्जा और नई सोच के साथ असम में संगठन को और मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे। उन्होंने कहा कि असम की जनता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर, कांग्रेस विचारधारा को आगे बढ़ाना और युवाओं की आवाज़ को और बुलंद करना ही उनका संकल्प रहेगा

# प्रतिमाओं के विसर्जन के लिये सागरताल के सामने तैयार हो रहा है विशाल अस्थायी जलाशय

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 2 सितम्बर.** भगवान श्रीगणेश की बड़ी व छोटी प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए जिला प्रशासन व नगर निगम द्वारा ग्वालियर शहर में सागरताल के सामने वैकल्पिक जलाशय तैयार कराए जा रहे हैं। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान, वरिष्ठ पुलिस

**कलेक्टर, एसएसपी एवं नगर निगम आयुक्त ने लिया जायजा**

अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह एवं नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने संबंधित अधिकारियों के साथ मंगलवार को अस्थायी जलाशयों का जायजा लिया। सागरताल के सामने बनाए गए अस्थायी जलाशयों में बड़ी प्रतिमाओं एवं छोटी प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए अलग-अलग व्यवस्था रहेगी। छोटी आकार की श्री गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए हर साल की तरह कटोरा ताल के कोने पर भी एक छोटा कुंड तैयार किया गया है।



निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती चौहान ने नगर निगम एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाओं को इस प्रकार से अंतिम रूप दें कि श्रद्धालुजन सुविधाजनक तरीके से और धार्मिक विधि विधान के साथ भगवान गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन कर सकें। कलेक्टर एवं एसएसपी ने कहा विसर्जन स्थल पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएँ।

कलेक्टर श्रीमती चौहान ने कहा कि सागरताल के सामने की मुख्य सड़क से वैकल्पिक जलाशय तक पर्याप्त चौड़ाई में बड़ी एवं छोटी प्रतिमाओं को ले जाने के लिये गिट्टीयुक्त अलग-अलग पहुंचमार्ग तैयार कराएँ। पहुँचमार्ग से लेकर विसर्जन स्थल तक पुख्ता बेरीकेटिंग भी कराई जाए। विसर्जन स्थल पर प्रतिमाओं की पूजा करने के लिये मजबूत प्लेटफॉर्म बनाने के निर्देश भी उन्होंने दिए। साथ ही कहा अस्थायी जलाशय सहित सम्पूर्ण पहुँच मार्ग पर रोशनी, माइक व टेंट की भी पुख्ता व्यवस्था की जाए। वैकल्पिक जलाशय के पास पर्याप्त संख्या में अस्थायी शौचालय व पार्किंग की व्यवस्था करने के निर्देश भी उन्होंने दिए। विसर्जन सम्पन्न होने तक निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिये भी कहा।

कलेक्टर श्रीमती चौहान ने शहर भर से आने वाली बड़ी और छोटी प्रतिमाओं के मुख्य सड़क मार्गों सहित इन्हें जोड़ने वाली अन्य सड़कों की मरम्मत अभियान बतौर भरवाए जाएँ। साथ ही सभी सड़कों पर स्ट्रीट लाइट चालू हालत में रहें। इन सभी सड़क मार्गों के ऊपर होकर गुजर रहे तार व्यवस्थित कराएँ, जिससे वाहनों से मूर्तियाँ सुगमता के साथ सागरताल के समीप स्थित अस्थायी जलाशय तक पहुँच सकें। चलित जलाशय स्थल पर प्राथमिक चिकित्सा के लिये हैल्थ काउण्टर लगाने के निर्देश भी कलेक्टर ने दिए।

इस अवसर पर नगर निगम के अपर आयुक्त श्री प्रदीप तोमर, एसडीएम ग्वालियर सिटी श्री प्रदीप कुमार शर्मा व लोक निर्माण, विद्युत वितरण कंपनी तथा नगर निगम सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

**विसर्जन कराने वाले केवट समुदाय के वॉलेन्टियर्स की सूची बनाएं**

प्रतिमाओं का पारंपरिक रूप से विसर्जन कराने वाले केवट समुदाय के वॉलेन्टियर्स को सूचीबद्ध करने के निर्देश भी कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने दिए। उन्होंने इस अवसर पर मौजूद वॉलेन्टियर्स के प्रतिनिधियों से कहा कि वे अपने आधारकार्ड व अन्य दस्तावेज नगर निगम के अधिकारियों को उपलब्ध करा दें। साथ ही यह सुनिश्चित करें कि कोई भी वॉलेन्टियर विसर्जन के दौरान नशे में न रहे। यदि नशे की हालत में कोई वॉलेन्टियर पकड़ा गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। कलेक्टर एवं एसएसपी ने बड़ी व छोटी प्रतिमाओं के विसर्जन का शुल्क भी तय करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा प्रतिमाओं का विसर्जन कराने के लिए किसी से भी अनावश्यक धनराशि की मांग न की जाए।

# लॉयंस क्लब ग्वालियर अनुभूति ने किया भोजन वितरण



**ग्वालियर 2 सितम्बर.** लॉयंस क्लब ग्वालियर अनुभूति द्वारा सेवा प्रकल्प के अंतर्गत शहर के प्रसिद्ध व प्रतिष्ठित मंदिर साईं बाबा के मंदिर पर प्रभु जनों को भोजन वितरण कराया गया। कार्यक्रम के संयोजक क्लब के सह कोषाध्यक्ष लॉयन संदीप अग्रवाल थे। उक्त पुनीत कार्य में क्लब के अध्यक्ष लॉयन अशोक शर्मा, उपाध्यक्ष लॉयन पूजा भारद्वाज, मानसेवी सचिव लॉयन कमल बनवारी तथा कोषाध्यक्ष लॉयन विजय खंडेलवाल द्वारा सेवा कार्य किया गया!


**भारतीय खाद्य निगम**
क्षेत्रीय कार्यालय, चेतक भवन, महाराणा प्रताप नगर, भोपाल (म.प्र.) 462011
दूरभाष: 0755-2573444, फैक्स : 0755-2573418, ईमेल: gmmp.fci@gov.in

क्र. एसएंडसी/15/आरटीसी/एनआईटी/2025/27 दिनांक: 03.09.2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

मध्यप्रदेश से अन्य राज्यों के विभिन्न गंतव्यों हेतु नियमित सड़क परिवहन ठेकेदार (RTC) की अवधि हेतु नियुक्ति के लिए Government E Marketing Portal (URL:https://gem.gov.in) पर online प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते है। कार्य की जानकारी, महत्वपूर्ण तिथियों, ईएमडी एसडी एवं निविदा के बारे में विस्तृत विवरण वेबसाइट www.fci.gov.in & www.gem.gov.in पर उपलब्ध विस्तृत एनआईटी एवं एमटीएफ में देखा जा सकता है। किसी विवाद की स्थिति में निविदा आमंत्रण सूचना का अंग्रेजी रूपांतरण मान्य/वैध होगा।

महाप्रबंधक (क्षेत्र)


# महानआर्यमन सिंधिया को जिला मंत्री सत्येन्द्र शर्मा ने बधाई दी

नवभारतन्यूज

**ग्वालियर 2 सितम्बर.** मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के आज संपन्न हुए चुनाव में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया (पूर्व अध्यक्ष MPCA) के सुपुत्र युवराज महानआर्यमन सिंधिया के MPCA के निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने पर इंदौर में भाजपा जिला मंत्री सत्येन्द्र शर्मा ने साथियों के साथ पहुंचकर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

जिला मंत्री सत्येन्द्र शर्मा ने कहा कि महानआर्यमन सिंधिया देश के किसी भी क्रिकेट बोर्ड के सबसे कम उम्र के अध्यक्ष बने हैं। माधव सिंधिया एवं ज्योतिरादित्य सिंधिया के बाद सिंधिया परिवार



की तीसरी पीढ़ी के प्रतिनिधि युवराज महान आर्यमन सिंधिया एमपीसीए के अध्यक्ष बनकर इतिहास रचा है। महज 29 वर्ष की आयु में अध्यक्ष बने हे उन्होंने ग्वालियर में एम पी लीग क्रिकेट मैच का सफल संचालन किया, युवराज महान आर्यमन सिंधिया में क्रिकेट के प्रति बहुत लगाव हे जिससे मध्यप्रदेश में खेल उच्च स्तर पर पहुंचेगा और सर्वश्रेष्ठ कार्य कर खेलप्रेमियों की भावना के अनुरूप नए नए कीर्तिमान एमपीसीए रचेगा।

# बेटा हो या न हो, पर बेटी हो तो ऐसी...

संजीव कुमार शर्मा

**ग्वालियर 2 सितम्बर.** आज भी समाज में कई घर ऐसे हैं जहां बहू के सिर्फ बेटीयां हो या ज्यादा बेटिया हो तो,ससुराल में उसे सम्मान कम मिलता हैं। लेकिन ग्वालियर में ऐसी कई बेटियां हैं जो बेटों से कहीं आगे बढ़कर न सिर्फ अपने मां-बाप का नाम रोशन कर रही है.



शांति बाई,की उम्र 80 साल से ज्यादा हैं, वे अक्सर बीमार रहती हैं। शांतीबाई के तीन संतान थी एक बेटा,एक बेटी का देहात हो गया। उनकी बेटी मीना ने अपनी मॉ की देखभाल खुद के जिम्मे ली। समय के साथ जीवन में बहुत बदलाव हुए, शादी हुई, बच्चे हुए फिर बच्चों की भी शादियां हुई और जिम्मेदारियां बड़ती गई पर कुछ नही बदला तो सिर्फ अपनी मॉ के प्रति मीना का प्रेम और समर्पण। शांतीबाई की अभी तबीयत खराब हैं वह इस समय मुरार हास्पिटल में भर्ती हैं वहां दिन रात अपनी मॉ के साथ रहकर मीना उनकी देखभाल कर रही हैं,

रेखा के दो बेटा और तीन बेटिया हैं। बडा बेटा रेलवे में कार्यरत हैं तो छोटा बेटा गुजरात के बड़ोदरा में एक बडीं फार्मा कंपनी में मैनेजर हैं। पति के एक हादशे में देहांत के बाद रेखा ने



बड़े संघर्ष के बाद परिवार को संभाला। रेखा कहती हैं कि उनका परिवार उनकी ताकत हैं। बेटियां भले ही शादी के बाद दूसरे घर चली गई लेकिन आज भी यदि कुछ तकलीफ होती हैं तो मैं बेटियों से ही चर्चा करती हूं इसका कारण वह बताती है कि घर के काम ही नही बाजार से कुछ लाना हो या बैंक से पैसे जमा करने या निकालना हो शुरू से मेरी बेटियों ने हर जिम्मेदारी उठाई।



उषा शर्मा आज हर तरह से संपन्न है लेकिन शुरुआत ऐसी नहीं थी एक छोटे से कमरे में पति दो बेटों और एक बेटी के साथ लगातार संघर्ष करती हुई उन्होंने जिंदगी जी। बड़े बेटे की शादी हुई और वह अलग रहने लगा लेकिन बेटी के सपने थे एक अच्छा डांसर बनने का। उषा ने उन सपनों को पूरा करने में अपना पूरा जतन लगा दिया। आज उनकी बेटी निशा ग्वालियर की शान बन चुकी है शासकीय हो या सामाजिक कई बड़े मंचों पर निशा ने अपने नृत्य से लोगों को अपना मुरीद बना दिया।


**उत्तर मध्य रेलवे**

No.- JHS/W/DO/misc/LC-436(E) Dated:02.09.2025

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्वालियर-धौलपुर रेल मार्ग पर रायरू-बानमोर सेक्शन में स्थित रेलवे फाटक क्र. 436 (E) रेलवे किमी Km 1241/11-13 को अनुरक्षण कार्य हेतु दिनांक **03.09.2025 से 06.09.2025** तक अस्थायी तौर पर बंद किया जा रहा है। इस दौरान वैकल्पिक मार्ग के रूप में आने जाने हेतु रेलवे फाटक न. 436 (E) (सुसेरा रोड) बुद्धिपुरा गाँव से डायवर्ट कर लगभग 01 किमी दूर रायरू-झाँसी बाईपास हाईवे पुल रेलवे किमी Km 1240/13-15 का उपयोग किया जा सकता है।

**वरिष्ठ मंडल अभियंता/उत्तर**
**उत्तर मध्य रेल, झाँसी**

1590/25 (AS)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR

**पुणे-जम्मू तवी झेलम एक्सप्रेस का धौर्रा स्टेशन पर ठहराव**

रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की विशेष सुविधा को ध्यान में रखते हुए गाड़ी सं. 11077/11078 पुणे-जम्मू तवी झेलम एक्सप्रेस का **धौर्रा स्टेशन** पर ठहराव प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् है:-

| गाड़ी सं. | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान | तिथि से प्रभावी: प्रारम्भिक स्टेशन से | तिथि से प्रभावी: धौर्रा स्टेशन पर ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 11077 पुणे-जम्मू तवी झेलम एक्सप्रेस | धौर्रा | 11:45 | 11:47 | 02.09.25 | 03.09.25 |
| 11078 जम्मू तवी-पुणे झेलम एक्सप्रेस | | 20:41 | 20:43 | 02.09.25 | 03.09.25 |

नोटः ट्रेन की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@ CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 1581/25 (ADM)




**मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड**
motilal oswal Home Finance
कॉर्पोरेट कार्यालय: मोतीलाल ओसवाल टावर, रहीमतुल्लाह सयानी रोड, एसटी डिपो के सामने, प्रभादेवी, मुंबई-400025. ईमेल: hfquery@motilaloaswal.com. सीआईएन संख्या: U65923MH2013PLC248741

**कब्जे की सूचना (अचल संपत्ति/संपत्तियों के लिए)**

(सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(1) के अंतर्गत)

जबकि अधोहस्ताक्षरी मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड (औपचारिक रूप से एस्पायर होम फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के तहत, और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नीचे उल्लिखित दिनांक का डिमांड नोटिस जारी किया है, जिसमें निम्नलिखित उधारकताओं से उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर नीचे उल्लिखित नोटिस में उल्लिखित राशि चुकाने का आह्वान किया गया है। निम्नलिखित उधारकर्ता राशि चुकाने में विफल रहे हैं, इसके द्वारा निम्नलिखित उधारकताओं और आम जनता को नोटिस दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने नीचे उल्लिखित तिथि को प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्तियों का कब्जा ले लिया है।

| स. क्र. | ऋण अनुबंध संख्या / नाम उधारकर्ता /सह-उधारकर्ता/ गारंटर का | मांग सूचना की तिथि और बकाया | कब्जा प्राप्ति की तिथि | अचल संपत्ति का विवरण संपत्ति का वह अभिन्न अंग जिसमें शामिल हैं |
|---|---|---|---|---|
| 1 | LXMOGUNA720-210518210 उधारकर्ताः नीलम जाटव सह-उधारकर्ताः गुड्डी नीलमसिंह जाटव | 20-05-2025 / के लिए रु. 617580/- | 29-08-2025 | संपत्ति के सभी भाग और पार्सल वार्ड नंबर 7 एस नंबर 654 मिन-11 मिन-3 थाने के पीछे बदरवास थाने के पीछे 473885 शिवपुरी मध्य प्रदेश |
| 2 | LXMOGWALIO5522-230661397 उधारकर्ताः मुकेश जाटव सह-उधारकर्ताः सरोज जाटव | 09-06-2025 / के लिए रु. 749311/- | 30-08-2025 | मौजा जेबराखेड़ा पटवारी हल्का नंबर 44, सर्वे नंबर 74/2 का भाग, आर.पी.एन. 466249, तह एवं जिला। मुरैना जेबरा खेड़ा बिजलीघर पंच भवन कंट्रोल (शासकीय खाद्य भंडार) के सामने वाली गली 476001 मुरैना मध्य प्रदेश |

विशेष रूप से उधारकर्ता और आम जनता को एतद्द्वारा संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति के साथ कोई भी लेन-देन ऊपर उल्लिखित राशि और उस पर ब्याज के लिए मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा। उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, जो सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में है।

एसडी/-
प्राधिकृत अधिकारी
मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड

स्थानः मध्य प्रदेश
दिनांकः 03.09.2025
अनुवाद में त्रुटिया विसंगति होने पर अंग्रजी संस्करण मान्य होगा

**M.P. HOUSING & INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT BOARD**

**NOTICE INVITING E-TENDER (2nd CALL)**

Online percentage rate bids are invited for the following work from registered contractors and firms registration criteria : MPPWD SOR- 15.09. 2022.

| S. No. | System Tender No. | Name of Work | Probable Amount of Contract & EMD & Cost of Tender form | Com-pletion Period (Months) | Date of Purchase & Submission of bids | Date of Opening of Tenders Envelop-A & Envelop-C |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_ MPHID_ 447852 | Const. of Ayurvedic/ Homeopathic Aushadhalaya at Village - Para Tehsil Ater, Distt-Bhind, M.P. | Rs. 37.61 Lacs & Rs. 50,000/- & Rs. 5,900/- | 06 Month i/c Rainy season. | Dt. 03.09.2025 at 10:30 AM to Dt. 22.09.2025 up to 5:30 Hrs. & 23.09.2025 Up to 5:30 Hrs. | **Envelop-A** Dt. 24.09.2025 at 5:30 Hrs. & **Envelop-C** Dt. 24.09.2025 at 5:30 Hrs. |
| 2. | 2025_ MPHID_ 447854 | Const. of Ayurvedic/ Homeopathic Aushadhalaya at Village - Indurukhi Tehsil Roan, Distt-Bhind, M.P. | Rs. 37.61 Lacs & Rs. 50,000/- & Rs. 5,900/- | 06 Month i/c Rainy season. | Dt. 03.09.2025 at 10:30 AM to Dt. 22.09.2025 up to 5:30 Hrs. & 23.09.2025 Up to 5:30 Hrs. | **Envelop-A** Dt. 24.09.2025 at 5:30 Hrs. & **Envelop-C** Dt. 24.09.2025 at 5:30 Hrs. |
| 3. | 2025_ MPHID_ 447853 | Const. of Ayurvedic/ Homeopathic Aushadhalaya at Village - Masuri Tehsil Ater, Distt-Bhind (MP). | Rs. 37.61 Lacs & Rs. 50,000/- & Rs. 5,900/- | 06 Month i/c Rainy season. | Dt. 03.09.2025 at 10:30 AM to Dt. 22.09.2025 up to 5:30 Hrs. & 23.09.2025 Up to 5:30 Hrs. | **Envelop-A** Dt. 24.09.2025 at 5:30 Hrs. & Envelop-C **Dt. 24.09.2025** at 5:30 Hrs. |

**Note :-** (1). Interested bidders can view the detailed NIT on website **www.mphousing.in** and **https:/www.mptenders.gov.in**. (2) Amendments to NIT, if any would be published on website only, and not in newspapers. (3) EMD as per portal i.c. , use only online payment for EMD/ Registration fees and processing fees. No Offline mode of payment/Document should be accepted. (4) Tender Processing can be postponed/Cancelled at any stage without informing of any reason/cause.

**Website : www.mphousing.in & https:/www.mptenders.gov.in**
**Email : eednhbmra@mp.gov.in**
M.P. Madhyam/121855/2025
/mphidb /mphidb

**(RAJENDRA TIWARI, E.E.)**
**Division Morena (M.P.)**
**Mob. : 9425112252**


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95